# छतरपुर





नवभारत
भोपाल, बुधवार 25 फरवरी 2026

## एक नजर में

### आयुर्वेदिक अस्पताल में मां बैठक का आयोजन

**आनंदपुर.** ग्राम आनंदपुर स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में मां बैठक का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मौसमी बीमारियों, विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की देखभाल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. बैठक में राकेश सेन द्वारा उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं. उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता, संतुलित आहार एवं समय पर जांच आवश्यक है.

### एलएनसीटी भोपाल ने ओरियंटल कॉलेज को हराया

**विदिशा.** सम्राट अषोक अभियांत्रिकीय संस्थान में आयोजित 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के सातवें दिन एल.एन.सी.टी. कॉलेज भोपाल विरूद्ध ओरियंटल कॉलेज भोपाल के मध्य पहला सेमीफायनल मैच खेला गया. एल.एन.सी.टी. कॉलेज भोपाल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एल.एन.सी.टी. कॉलेज भोपाल ने पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओर्वस में पॉच विकेट खोकर 188 रन बनाये, एलएनसीटी. कॉलेज भोपाल के बल्लेबाज अभिनीत गौर ने 5 चैके 04 छक्कों की मदद से 45 गेंदों पर 62 रनों की शानदार पारी खेली वहीं उनका साथ देते हुए कप्तान ललित वर्मा ने 22 गेंदों पर 36 रन बनाये इस पारी में उन्होने 5 चैके और 1 छक्का लगाया.

# जिलाध्यक्ष ने पुलिसकर्मी की कॉलर पकड़ी

- वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक चर्चा

**छतरपुर, 24 फरवरी. भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी द्वारा एक पुलिसकर्मी की कॉलर पकड़े जाने का वीडियो सामने आया है. यह घटना तब हुई जब भाजयुमो कार्यकर्ता छत्रसाल चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला दहन करने पहुंचे थे.**

वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक गलियारों और आम लोगों के बीच मामले को लेकर सवाल उठने लगे हैं.

जानकारी के अनुसार, नीरज चतुर्वेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में



कार्यकर्ता पुतला दहन के लिए एकत्र हुए थे. पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में मौके पर पहुंचकर पुतला छीनने का प्रयास किया, जिससे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई. वायरल वीडियो में नीरज चतुर्वेदी एक पुलिसकर्मी की कॉलर पकड़ते दिखाई दे रहे हैं. उस समय शहर के कई थानों का पुलिस बल, ट्रैफिक टीआई और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद थे.

> वीडियो वायरल होने के बाद यह सवाल उठने लगा कि वर्दी पर हाथ डालने के मामले में क्या कार्रवाई हुई. हालांकि, नीरज चतुर्वेदी ने सफाई दी है कि वे और उनके कार्यकर्ता पुलिस का सम्मान करते हैं. उन्होंने कहा कि भीड़ अधिक होने के कारण अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी और किसी के गिरने से बचाने के दौरान अनजाने में पुलिसकर्मी की वर्दी हाथ में आ गया. गौरतलब है कि जिले में पहले भी राजनीतिक प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की घटनाएं होती रही हैं. इस घटना के बाद कानून व्यवस्था और समान कार्रवाई को लेकर चर्चा फिर से तेज हो गई है.

### दोनों पक्ष हुए आमने-सामने, की जा रहीं शिकायतें

**विदिशा.** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिला शाखा विदिशा ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नत्थी अहिरवार के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है. संघ ने मामले में दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है. ज्ञापन के अनुसार 16 फरवरी 2026 को ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नत्थी अहिरवार द्वारा फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही थी. इसी दौरान जनपद उपाध्यक्ष ग्यारसपुर प्रीति शंकरदयाल शर्मा अपने कुछ समर्थकों के साथ वहां पहुंचीं. एक मरीज को लेकर हुई कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया.




# सड़कों पर पशु छोड़ने और गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती

- आवारा पशु मिलने पर 1000 और सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैलाने पर 500 का दंड
- सीएमओ शर्मा के निर्देश पर नगर पालिका लगाएगी जुर्माना

**छतरपुर,24 फरवरी. शहर में बढ़ती आवारा पशुओं और गंदगी की समस्या को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति अपने पालतू पशु को सड़कों पर खुला छोड़ता है या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाता है, तो उसके विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी.**

सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि नए निर्देशों के अनुसार सड़कों पर पालतू गाय या अन्य पशु घूमते पाए जाने पर संबंधित पशुपालक से 1000 का जुर्माना वसूला जाएगा. वहीं घर के बाहर या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर 500 का अर्थदंड लगाया जाएगा. नगर पालिका की टीमें शहर में नियमित निगरानी करेंगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी.


प्रशासन के अनुसार सड़कों पर फैले कचरे और पॉलिथीन का सेवन करने से कई पशु बीमार हो रहे हैं और उनकी मृत्यु तक हो रही है. साथ ही मुख्य मार्गों और हाईवे पर पशुओं के बैठने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है. सीएमओ ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखें तथा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें. शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा.

# रात्रि गश्त में मोबाइल डीजे और ट्रैक्टर जब्त

## डायल-112 को सूचना मिलने पर पुलिस ने दिलनिया रोड पर कार्रवाई की

**छतरपुर, 24 फरवरी. मॉडिफाइड महिंद्रा ट्रैक्टर, डीजे साउंड-लाइट सिस्टम और जनरेटर जब्त किए गए. चालक सतीश कुशवाहा के खिलाफ कोलाहल नियंत्रण एवं ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.**

जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल डीजे सिस्टम और एक मॉडिफाइड ट्रैक्टर जब्त किया. यह कार्रवाई डायल-112 पर मिली सूचना के आधार पर की गई, जिसमें दिलनिया रोड पर देर रात तेज



ध्वनि में म्यूजिक बजाए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची. वहां एक महिंद्रा ट्रैक्टर में अवैध रूप से डीजे साउंड, लाइट सिस्टम और जनरेटर लगाकर तेज आवाज में गाने बजाए जा रहे थे.

> पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन सहित समस्त उपकरण जब्त कर लिए. जांच में पाया गया कि वाहन चालक सतीश कुशवाहा, निवासी ग्राम गौरारी, बिना अनुमति और निर्धारित मानकों का उल्लंघन कर ध्वनि उपकरणों का उपयोग कर रहा था. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण से संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है.

# प्रशांत बने छतरपुर के नए एसडीएम

**छतरपुर,24 फरवरी. जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अनुविभागीय अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है.**

जारी आदेश के तहत कई एसडीएम के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों की निगरानी और जनसमस्याओं के समाधान में तेजी लाई जा सके. आदेश के अनुसार प्रशांत अग्रवाल को छतरपुर अनुभाग का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है. वहीं विशा माधवानी को राजनगर अनुभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसके अलावा छतरपुर के पूर्व एसडीएम अखिल राठौर को कलेक्ट्रेट कार्यालय से संबद्ध किया गया है, जहां वे अन्य



प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे. प्रशासन ने सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं. बताया जा रहा है कि इस फेरबदल का मुख्य उद्देश्य राजस्व कार्यों में गति लाना, कानून-व्यवस्था की निगरानी को मजबूत करना और आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है.

# दो साल में आधा सैकड़ा से अधिक लगाई सीएम हेल्पलाइन



**चंदला, 24 फरवरी. उप तहसील जुझारनगर अंतर्गत पटवारी हल्का इटौरा निवासी किसान देवी सिंह राजपूत खुद की भूमि से कब्जा हटवाने के लिए सरकारी सिस्टम के आगे लाचार और बेबस नजर आ रहा है.**

उसने बताया कि मेरी भूमि के अंश भाग लगभग पांच सौ वर्गफीट में अनावेदक ने कब्जा कर मकान का निर्माण कर रहा है. मेरे द्वारा लगातार नायब तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर व एसपी से शिकायतें की गई हैं लेकिन आज तक मेरे स्वामित्व की भूमि को मुक्त नहीं कराया जा सका.

देवी सिंह ने बताया कि मैं अपनी भूमि में कब्जा पाने के लिए 2 वर्ष से इधर से उधर भटक रहा हूं, मेरे द्वारा करीब आधा सैकड़ा से अधिक सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें दर्ज कराई गई लेकिन हर बार शिकायत को यह लेख करते हुए फोर्स क्लोज कर बंद कर दिया जाता रहा कि प्रकरण में समुचित कर्रवाई हो चुकी है. देवी सिंह ने बताया कि इटौरा निवासी रामकरण पिता श्रीपाल राजपूत द्वारा 2023 में मेरी स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर-185, 152 रकबा 0.243, 0.129 के अंश भाग 500 वर्गफीट में बेजा कब्जा कर लिया है.

**आदेशों पर आज तक नहीं हुआ अमल:** पीड़ित ने बताया कि बड़ी मुश्किल से 2 फरवरी 2024 को नायब तहसीलदार ने कब्जा हटाए जाने का आदेश पारित किया, जिसका पालन नहीं हुआ.
इसके बाद 28 जून को पुन: आदेश जारी हुआ, जिसमें प्रभारी राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित गौरिहार थाना पुलिस को मौके पर जाकर कब्जा हटाने व वैधानिक कार्रवाई करने का लेख था, किन्तु उक्त आदेश का पालन आज तक नहीं हो पाया.

### इनका कहना है

प्रकरण में हमारे न्यायालय से जो कार्रवाई होनी थी वह हो गई है, उसी नंबर पर कई मकान हैं. मकान गिराने की शक्तियां मेरे न्यायालय के पास नहीं है, पूर्व में जुर्माना और बेदखली का आदेश हो चुका है.
**शारदा प्रसाद सोनी,** नायब तहसीलदार जुझारनगर

# पुलिस पर भुगतान न करने का आरोप

- डेढ़ साल बाद भी नहीं मिला 31 हजार
- टेंट हाउस संचालक ने एसपी से लगाई गुहार

**छतरपुर, 24 फरवरी. जिलें में एक टेंट हाउस संचालक ने पुलिस विभाग पर बकाया भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है.**

सीताराम कॉलोनी निवासी पवन सोनी मंगलवार दोपहर एसपी कार्यालय पहुंचे और आवेदन देकर बताया कि पुलिस के एक कार्यक्रम में टेंट लगाने के बावजूद उन्हें अब तक भुगतान नहीं मिला है. पवन सोनी के अनुसार, करीब डेढ़ वर्ष पूर्व



ओरछा थाना क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के लिए उनके टेंट हाउस से टेंट, मंच और अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कराई गई थी. यह कार्यक्रम वीआईपी दौरे को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था. कार्य पूर्ण होने के बाद उन्होंने बिल प्रस्तुत किया, लेकिन भुगतान आज तक लंबित है.

# स्वदेशी मेले में विधि छात्रों ने प्रस्तुत की श्रीराम स्तुति

## पंडित मोतीलाल विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने बांधा समां

- महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाहा रहे मौजूद

**छतरपुर,24 फरवरी. जिलें में आयोजित स्वदेशी मेले के सांस्कृतिक मंच पर पंडित मोतीलाल विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रीराम स्तुति प्रस्तुत कर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित कर दिया.**

विद्यार्थियों की सामूहिक प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम स्थल



आध्यात्मिक माहौल से सराबोर हो गया. इस प्रस्तुति का मार्गदर्शन ज्योति पायासी द्वारा किया गया. उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने सुसंगठित एवं प्रभावशाली ढंग से स्तुति का मंचन किया. कार्यक्रम में आशीष शुक्ला, राम जी, प्रिंस, आकांक्षा, पल्लवी, विकास, विपिन, रेखा और स्वाति सहित बड़ी संख्या में विधि के छात्र-छात्राएं शामिल रहे.

> इस अवसर पर महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन छात्रों में भारतीय परंपरा, संस्कृति और संस्कारों के प्रति जुड़ाव को सुदृढ़ करते हैं. कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया.

# कोचिंग से लौट रहीं दो बहनें सड़क हादसे में घायल

**छतरपुर,24 फरवरी. शहर में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में कोचिंग से घर लौट रही दो छात्राएं घायल हो गईं. इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार दोनों सगी बहनों को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी.**

हादसा छतरपुर-सागर रोड पर जियो पेट्रोल पंप के पास हुआ. टक्कर के बाद दोनों बहनें सड़क पर गिर पड़ीं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं. घायलों की पहचान प्रतीक्षा मिश्रा (15) और प्राची मिश्रा (18) के रूप में हुई है. दोनों छरावल गांव की निवासी हैं और मातागुवां क्षेत्र में कोचिंग पढ़ने गई थीं. प्रत्यक्षदर्शियों



के अनुसार बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई. हादसा मातागुवां थाना क्षेत्र में हुआ.

### कलेक्टर ने किया यशोदा एडॉप्शन सेंटर का निरीक्षण

**विदिशा.** जिले में वर्ष 2012 से संचालित यशोदा एडॉप्शन सेंटर (शिशु गृह) का कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा, संतोष रघुवंशी एवं संस्था प्रबंधक शुभम गुप्ता उपस्थित रहे. निरीक्षण के समय शिशु गृह में 4 बच्चे निवासरत पाए गए. कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय बातचीत कर उनके भोजन और दैनिक दिनचर्या की जानकारी ली.

# सार्वजनिक सुनवाई में अवैध विवाह परिसर की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**, शहर के विवेकानंद चौक के निकट स्थित वृंदावन नगर कॉलोनी में संचालित एक कथित अवैध विवाह परिसर को लेकर कॉलोनीवासियों ने कलेक्टर से सार्वजनिक सुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है. आवेदन में बताया गया कि कॉलोनी टीएनसीपी समर्थित एवं आरईआरए से अनुमोदित आवासीय क्षेत्र है, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाएं अब तक पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं हैं. इसके बावजूद कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर रिहायशी मकानों के सामने विवाह समारोह आयोजित किए जा रहे हैं. निवासियों का आरोप है कि कॉलोनी के डेवपर्स द्वारा मुख्य सड़क पर विवाह परिसर बनाकर सार्वजनिक कार्यक्रमों की बुकिंग की जा रही है. देर रात तक तेज आवाज में डीजे और ढोल बजने से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वर्तमान में बच्चों की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में शोर-शराबे से पढ़ाई प्रभावित हो रही है.

महत्वपूर्ण कदम — करीब 32 .50 करोड़ रुपए की लागत से बना पांच मंजिला भवन

# जिला अस्पताल में 200 बेड का हाईटेक ब्लॉक तैयार

- हर बेड तक सेंट्रल ऑक्सीजन लाइन, तुरंत इलाज संभव
- 5 ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू से मरीजों को राहत

**छतरपुर, 24 फरवरी. जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. यहां 200 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक तैयार हो गया है.**

इसके शुरू होने से गंभीर मरीजों को उपचार के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी और स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी. करीब 32.50 करोड़



रुपये की लागत से निर्मित इस पांच मंजिला भवन को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है.

भवन में सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग प्रणाली स्थापित है तथा प्रत्येक बेड तक सेंट्रल ऑक्सीजन पाइपलाइन पहुंचाई गई है, जिससे आपात स्थिति में तत्काल उपचार संभव होगा. यहां 5 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, अत्याधुनिक आईसीयू, हृदय रोग उपचार कक्ष और डायलिसिस यूनिट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है.

> **नवजात शिशुओं के लिए अलग से विशेष वार्ड**
> महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए अलग से विशेष वार्ड और लेबर रूम बनाए गए हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी. मरीजों की सुगम आवाजाही के लिए भवन में लिफ्ट और स्ट्रेचर रैंप की व्यवस्था की गई है. सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया के अनुसार इस नए ब्लॉक के प्रारंभ होने से अस्पताल की उपचार क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी. जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को लाभ मिलेगा और अनावश्यक रेफरल में कमी आएगी.

### आगामी त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**नटेरन.** थाना नटेरन में आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया. बैठक में नायब तहसीलदार पीयूष जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, थाना क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, नगर रक्षा समिति के जिला संयोजक वीरेंद्र धाकड़, गणमान्य नागरिक एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे. प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी. सभी से अपील की गई.

# मिडिल स्कूल में पीएम पोषण आहार में मनमानी

## समूह संचालक ने कहा-जब बच्चे स्कूल नहीं आते तो पशुओं को खिलाएं भोजन

**चंदला, 24 फरवरी. गौरिहार जनपद क्षेत्र के केन नदी किनारे बसे मिडिल स्कूल रामपुर घाट में कार्यरत मां विंध्यवासिनी स्व सहायता समूह द्वारा पीएम पोषण आहार में बड़ी मनमानी की जा रही है, परीक्षाओं के बहाने दोपहर का मध्यान्ह भोजन नहीं बनाया जाता है जिससे 6वीं और 7वीं के छात्रों को भूखा रहना पाता है.**

विभाग के आला अधिकारी व्यवस्था बनाए जाने के नाम पर खानापूर्ती करते नजर आते हैं. पीएम पोषण आहार बंद रहने पर समूह संचालक ने कहा- जब स्कूल में बच्चे नहीं आते हैं तो क्या पशुओं को खाना खिलाएं. साथ ही उसका कहना है कि 4 माह से




पोषण आहार की राशि नहीं आई. जबकि जनपद शिक्षा केन्द्र के मध्यान्ह भोजन प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह यदवंशी का कहना है कि समूहों के खातों में राशि अंतरित हो चुकी है, इस तरह के वार्तालाप और तर्क से यह स्पष्ट होता है कि समूह संचालक घोर लापरवाही के साथ मनमानी कर रहा है.

### इनका कहना है

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन हर रोज बनाए जाने के निर्देश हैं, परीक्षाओं के बहाने इस तरह की लापरवाही नहीं की जा सकती. इस मामले की जांच की जाएगी.
**पुष्पेंद्र सिंह यदवंशी,** माध्यम भोजन प्रभारी जनपद शिक्षा केंद्र गौरिहार